दिनांक : 26.06.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

लोकसभा अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम बिरला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्हें ध्वनिमत से निर्वाचित घोषित किया गया। कांग्रेस ने के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन विपक्षी पार्टियों ने अध्यक्ष पद के निर्वाचन के दौरान मतविभाजन की मांग नहीं की। जिसके बाद ध्वनिमत से श्री बिरला को अध्यक्ष चुन लिया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, ओम बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। सुबह जब सदन की बैठक शुरू हुई तो प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के 12 अन्य नेताओं ने श्री बिरला को अध्यक्ष के रूप में चुनने का प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष की ओर से, शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत आदि नेताओं ने के. सुरेश के पक्ष में प्रस्ताव रखा।

प्रधानमंत्री ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि श्री बिरला के दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बन रहा है। उन्होंने कहा कि सदन अगले पांच वर्षों तक उनके मार्गदर्शन का लाभ उठायेगा। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने श्री बिरला को सदन के सुचारू संचालन में विपक्ष के समर्थन का आश्वासन दिया।

....

मुख्यमंत्री दिल्ली प्रवास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल तथा राज्यमंत्री वी. सोमन्ना और राज भूषण चौधरी से उनके नई दिल्ली स्थित कार्यालय श्रम शक्ति भवन में सौजन्य भेंट कर प्रदेश से संबंधित सिंचाई परियोजनाओं और जल संरक्षण कार्यक्रमों पर सकारात्मक चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन–बेतवा परियोजना और पार्बती–कालीसिंध–चंबल परियोजना की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और परियोजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ–2028 के लिए केंद्र सरकार से विशेष सहयोग का अनुरोध भी किया।

....

नशा निरोधक दिवस

आज 'अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस'मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से अवनति की ओर ले जाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से 'नशा मुक्त' स्वच्छ, सुरक्षित व समृद्ध समाज के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की है। प्रदेश में आज नशामुक्ति के लिए लोगों को जागरुक करने, मद्यपान एवं मादक पदार्थों, नशीली दवाइयां, शराब एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं को अवगत कराने के संबंध में जनजागृति के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सामाजिक न्याय संचालनालय के निर्देशानुसार जिलों में योग और ध्यान के कार्यक्रम आयोजित किये जा रह हैं। इसी प्रकार ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से नशामुक्ति के संबंध में पम्पलेट का वितरण किया जा रहा है।

....

मौसम

प्रदेश में मानसून 49 जिलों में पहुंच चुका है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से प्रदेश में बारिश, आंधी का दौर जारी है। अगले 3 दिन तक पूरे प्रदेश में बारिश और तेज आंधी की स्थिति बनी रहेगी। इससे पहले कल खजुराहो, सिवनी, उमरिया, बैतूल, भोपाल, धार, ग्वालियर, नर्मदापुरम, शिवपुरी, शाजापुर, आगर–मालवा में बारिश हुई।

....